पत्रांक:– 07/विविध–3/2021 (अंश–ख)–1188

**शिक्षा विभाग**

**(प्राथमिक शिक्षा निदेशालय)**

प्रेषक,

विनायक मिश्र, भा०प्र०से०

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा।

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**

बिहार।

पटना, दिनांक 02/05/2025

**विषयः–** **सभी विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी वार्षिक कैलेण्डर के अनुसार आयोजित करने के संबंध में।**

**प्रसंग :–** **पत्रांक–2302 दिनांक 18.12.2024 ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि प्रत्येक माह के किसी एक शनिवार को सभी विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह देखा गया है कि विद्यालयों में PTM अलग–अलग तरीके से आयोजित किया जा रहा है, जिससे इसकी प्रभावशीलता कम होती जा रही है।

उपरोक्त के आलोक में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी को और अधिक कारगर और प्रभावी बनाने हेतु एक वार्षिक कैलेंडर विकसित किया गया है। इस वार्षिक कैलेंडर में प्रत्येक माह के लिए एक थीम निर्धारित की गयी है तथा प्रत्येक थीम के अंतर्गत कुछ मुख्य कार्य बिंदु तय किए गए है, जिससे सभी विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में एकरूपता बनी रहे।

इस पत्र के माध्यम से आप सभी तक अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी कैलेंडर की प्रति प्रेषित की जा रही है। प्रत्येक माह की संगोष्ठी से पूर्व राज्य स्तर से एक भी०सी० कॉल के माध्यम से उक्त माह की थीम पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि दिनांक 03 मई, 2025 को आयोजित की जानेवाली अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी की कार्ययोजना की प्रति सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को उपलब्ध कराएँ तथा प्रत्येक विद्यालय में इसकी पहुँच सुनिश्चित कराएँ ताकि राज्य भर में सफलतापूर्वक पी०टी०एम० का संचालन हो सके।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर) 02.05.25

**(विनायक मिश्र)**

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा।

ज्ञापांक 1994/पटना, दिनांक 10/05/25

प्रतिलिपि– सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी/सभी विद्यालय अवर निरीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश है कि पत्रांकित बिन्दुओं का अनुपालन करते हुए अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी की कार्य योजना (संलग्न) सभी विद्यालयों को उपलब्ध कराते हुए सभी विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी वार्षिक कैलेण्डर के अनुसार आयोजित कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि– प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक, सभी विद्यालय, जिला– पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 09/05/25

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,

प्रा०शि० एवं सर्व शिक्षा अभियान, पटना।

(हस्ताक्षर) 9/5

अकादमिक सत्र -2025-2026

# शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी (PTM) का वार्षिक कैलेंडर

## निर्धारित तिथि एवं माहवार गतिविधियाँ

| 3 MAY | 31 MAY | 28 JUNE | 26 JULY | 30 AUGUST | 27 SEP |
|---|---|---|---|---|---|
| अभिभावक एवं विद्यालय का जुड़ाव | पढ़ेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हम | उपस्थिति एवं सरकारी योजनाएं | व्यावसायिक कौशल और स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण | खेलो और सीखो | निपुण बनेगा बिहार हमारा |
| • अभिभावक-शिक्षक परिचय करना<br>• अभिभावकों को विद्यालय भ्रमण करवाना तथा विद्यालय में मिलने वाली भौतिक सुविधाओं (वर्ग कक्ष, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, पोषण वाटिका, पिंक रूम) आदि की जानकारी देना | • सरकार द्वारा दी जाने वाली शिक्षण सहायक सामग्रियों (स्टूडेंट टीएलएम किट, FLN टीएलएम किट पाठ्य पुस्तकें, अभ्यास पुस्तिका, डायरी आदि का प्रदर्शन करना<br>• गर्मी छुट्टी में दिए गए गृहकार्यों से अभिभावकों को अवगत कराना<br>• 'हर घर एक पाठशाला' की जानकारी देना | • अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करवाने हेतु चर्चा करना<br>• सरकार की योजनाओं (पोशाक, साइकिल, छात्रवृति, पीएम पोषण बालिका प्रोत्साहन, किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, बिहार दर्शन) आदि की जानकारी देना | • अभिभावकों को नागरिक शिष्टाचार के बारे में जागरूक करना<br>• अभिभावकों को व्यावसायिक कौशल और बच्चों के कैरियर के नए अवसरों की जानकारी देना<br>• विद्यालय में मिड डे मिल, पीने का पानी और शौचालय कि साफ सफाई का प्रदर्शन करना | • अभिभावकों को खेल-कूद का महत्व बताना<br>• विद्यालय में उपलब्ध खेल उपस्कर का प्रदर्शन करना<br>• 29 अगस्त को खेल प्रतियोगिता का आयोजन करना | • बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान के महत्व को बताना<br>• अभिभावकों में वर्ग सापेक्ष दक्षताओं की समझ विकसित करना<br>• वर्ग सापेक्ष दक्षताओं की प्रगति पर चर्चा करना |

**प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, शिक्षा विभाग, बिहार**

Scanned with OKEN Scanner

अकादमिक सत्र -2025-2026

# शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी (PTM) का वार्षिक कैलेंडर

## निर्धारित तिथि एवं माहवार गतिविधियाँ

| 25 OCT<br>छठ एवं दीपावली की छुट्टी | 29 NOVEMBER<br>हर बच्चा होगा अब स्कूल का हिस्सा | 24 DECEMBER<br>हरेक बच्चा श्रेष्ठ बच्चा | 31 JANUARY<br>हम और आप मिलकर करेंगे बच्चों का समग्र विकास | 28 FEBRUARY<br>परीक्षा की तैयारी हमारी जिम्मेदारी | 29 MARCH<br>प्रवेश से प्रगति तक विद्यालय और अभिभावक साथ-साथ |
|---|---|---|---|---|---|
| • छठ एवं दीपावली की छुट्टी | • समावेशन संबंधित सुविधाओं से अभिभावकों को अवगत कराना<br>• प्रत्येक विद्यार्थी अपनी शारीरिक, सामाजिक, मानसिक सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के साथ उच्चतम क्षमता को प्राप्त कर सके इस हेतु विद्यालय को सहयोग देने की अपील करना<br>• संविधान दिवस के अवसर पर प्रस्तावना का पाठ बच्चे एवं अभिभावक मिलकर करना | • बच्चों के अकादमिक/गैर अकादमिक उपलब्धियों अथवा कमियों पर चर्चा करना<br>• बच्चे किस प्रकार प्रगति करेंगे इस विषय पर चर्चा करना<br>• ठंढ में से बचने तथा नियमित उपस्थिति बनाए रखने हेतु चर्चा करना | • बच्चों के सामाजिक भावनात्मक विकास पर चर्चा करना<br>• *बच्चों में रचनात्मकता विकास हेतु आर्ट एंड क्राफ्ट के महत्व पर चर्चा करना*<br>• विद्यालय में उपलब्ध डिजिटल शिक्षण सामग्रियों का प्रदर्शन करना | • आने वाली परीक्षा की तैयारी पर चर्चा करना<br>• अभिभावकों से कक्षा परागमन की चर्चा करना<br>• विद्यार्थी अगली कक्षा में किस प्रकार अपनी पढ़ाई को निर्बाध रूप से जारी रख पाएंगे इस विषय पर चर्चा करना | • HPC कार्ड के साथ बच्चों के रिजल्ट के संबंध में अभिभावकों से चर्चा करना<br>• नामांकन/प्रवेशोत्सव की चर्चा करना तथा संबंधित गतिविधियों में योगदान देने के लिए अभिभावकों को तैयार करना |

**प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, शिक्षा विभाग, बिहार**

Scanned with OKEN Scanner

## "अभिभावक एवं विद्यालय का जुड़ाव"

📅 **दिनांक: 3 मई 2025**

🎯 **उद्देश्य:** विद्यालय और अभिभावकों के बीच विश्वास, पारदर्शिता और सहयोग बढ़ाना, ताकि बच्चों के सर्वांगीण विकास में दोनों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जा सके।

🎯 **संगोष्ठी के दिन किए जाने वाले कार्य:**

### अभिभावकों का स्वागत, परिचय एवं चर्चा

- सर्वप्रथम वर्ग शिक्षक सभी अभिभावकों का स्वागत करेंगे
- स्वागत उद्बोधन के पश्चात अपना परिचय देते हुए शिक्षक सभी अभिभावकों से बारी बारी से परिचय प्राप्त करेंगे (इसके लिए अभिभावकों के साथ कार्ड/पत्ती या अन्य कोई खेल भी खेला जा सकता है)
- अभिभावक का विद्यालय के प्रति क्या अनुभव है, इस बात की जानकारी हेतु शिक्षक अभिभावकों से चर्चा करेंगे |

### विद्यालय भ्रमण एवं अवलोकन

- शिक्षक सभी अभिभावकों को विद्यालय में उपस्थित भौतिक सुविधाओं, जैसे- कक्षा कक्ष, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, पिंक रूम, साफ-सुथरे शौचालय व पीने के पानी, पोषण वाटिका, खेल परिसर इत्यादि का अवलोकन कराने हेतु विद्यालय भ्रमण पर ले जाएंगे |
- भ्रमण के दौरान सभी सुविधाओं की उपयोगिता के बारे में अभिभावक को बताएंगे |

### अभिभावकों से व्यक्तिगत चर्चा एवं संगोष्ठी का समापन

विद्यालय भ्रमण के उपरांत जब सभी अभिभावक पुनः अपने निर्धारित स्थान पर बैठ जाएंगे तो प्रत्येक अभिभावक से निम्न बिंदुओं पर क्रमवार चर्चा की जाएगी |

- बच्चे की अकादमिक प्रगति
- बच्चे की शत-प्रतिशत उपस्थिति
- पोशाक, नाखून, बाल इत्यादि की नियमित साफ-सफाई
- बच्चे का पोषण
- बच्चे का व्यवहार व्यवहार
- बच्चे को घर में पढ़ने हेतु वातावरण का निर्माण

इन बिंदुओं पर सार्थक संवाद के उपरांत शिक्षक सभी अभिभावकों को विद्यालय आने और अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में सक्रिय सहभागिता देने हेतु धन्यवाद देते हुए संगोष्ठी का समापन करेंगे |

Scanned with OKEN Scanner